लिंग-आधारित हिंसा: ये केवल शारीरिक नहीं होती है

लिंग-आधारित हिंसा क्या है?

हर दिन, देश भर में लोगों को अपने लिंग, लैंगिक अभिव्यक्ति, लैंगिक पहचान या कथित लिंग के कारण हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसे लिंग-आधारित हिंसा (GBV) कहा जाता है, लेकिन यह जो है या जिस तरह दिखाई देती है, इसके बारे में आप जो भी सोचते हैं या इससे संबंधित जो भी सुना है, यह उससे कहीं अधिक है।

जब हम GBV के बारे में सोचते हैं तो हो सकता है किसी व्यक्ति द्वारा अपने प्रेमी/प्रेमिका को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने का ख्याल आये, और सच में ऐसा ही होता है। लेकिन GBV के अंतर्गत आपको या किसी और को शारीरिक, भावनात्मक या यौन रूप से नुकसान पहुँचाने के लिए कहे गए शब्द, किए गए कार्य या की गईं कोशिशें शामिल हो सकती हैं, भले ही उसके साथ आपका संबंध चाहे जो कुछ भी हो। GBV आपके साथ व्यक्तिगत या ऑनलाइन दोनों रूप में हो सकता है। जब GBV जैसी हरकत ऑनलाइन होती है, तो इसे तकनीकी सुविधा के माध्यम से की गई हिंसा कहा जाता है और यह एक गंभीर समस्या है। तकनीकी सुविधा के माध्यम से की गई हिंसा किसी को भी, कहीं भी प्रभावित कर सकती है और इसे अक्सर गुमनाम रहकर किया जाता है। वैसे तो GBV कई प्रकार की होती हैं, सामान्य रूप से उन्हें चार श्रेणियों में बाँटा जा सकता है:

भावात्मक हिंसा

ऐसे कहे गए शब्द या किए गए कार्य जो किसी को नियंत्रित करने या डराने या उसके आत्म-सम्मान और स्वाभिमान को कमजोर करते हों, यदि वे शांतिपूर्वक कहे या किए गए हों या नहीं, जिनमें निम्न शामिल हैं:

- धमकियाँ, अपमान, नीचा दिखाना और डराना-धमकाना
- नियंत्रण करना, लगातार आस-पास मँडराना या पीछा करना
- डेडनेमिंग (किसी ट्रांस व्यक्ति को पूर्व नाम से संबोधित करना), किसी को "बाहर" करना या किसी की लैंगिक पहचान को नकारना
- किसी व्यक्ति को उसके दोस्तों और परिवार से अलग कर देना

आर्थिक हिंसा

जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को नियंत्रित करने या उसका शोषण करने के लिए धन या संपत्ति का इस्तेमाल करता है, जैसे कि:

- बैंक खातों से व्यक्तिगत पहचान संख्या (PIN) चोरी करना
- किसी व्यक्ति पर पैसे देने या उपहार खरीदने के लिए दबाव बनाना या ब्लैकमेल करना
- साथी के काम में हस्तक्षेप करना
- साथी को उसकी शिक्षा के लिए भुगतान करने से रोकना
- किसी व्यक्ति की खरीदारी को नियंत्रित करना

शारीरिक हिंसा

प्रेमी/प्रेमिका या परिवार के किसी सदस्य के विरूद्ध किसी भी प्रकार के शारीरिक बल का इस्तेमाल करना या उसकी धमकी देना, ऐसे कुछ उदाहरण हैं:

- धक्का देना, मारना, लात मारना या मुक्का मारना
- किसी को बाहर जाने से रोकना या अंदर बंद कर देना
- वस्तुओं को फेंकना या तोड़ना
- गला घोंटना

यौन हिंसा

यौन हिंसा से संबंधित दुष्कर्म किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी परिस्थिति में किया जा सकता है, यहाँ तक संबंध में रहते हुए भी। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- ज़बरदस्ती यौन रूप से स्पर्श करना या समान हरकतें करना, जिसमें किसी और के साथ करना भी शामिल है
- सहमति के बिना यौन संबंध बनाने की कोशिश करना या उसके लिए धमकी देना
- अवांछित यौन टिप्पणियाँ या अभद्र संकेत करना
- सहमति के बिना निजी यौन संबंधी तस्वीरें साझा करना
- सहमति के बिना निरोधक निकालना

लिंग-आधारित हिंसा से कौन-कौन प्रभावित होता है?

GBV से महिलाएँ, लड़कियाँ, ट्रांसजेंडर और लिंग विविधता वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इन समूहों में, ऐसे उच्च जोखिम वाले लोग आते हैं जो ऐतिहासिक रूप से और लगातार हो रहे उत्पीड़न, जैसे कि लिंगवाद, होमोफ़ोबिया, ट्रांसफ़ोबिया, उपनिवेशवाद, वर्गवाद, नस्लवाद और समर्थवाद के कारण GBV का शिकार बने हुए हैं, इनमें निम्न शामिल हैं:

- स्वदेशी महिलाएँ लड़कियाँ और 2SLGBTQQIA+ लोग
- अश्वेत महिलाएँ
- कनाडा में आने वाली नई महिलाएँ
- महिला समलैंगिक, पुरुष समलैंगिक, उभयलिंगी और अन्य विपरित यौन संबंधी आकर्षण से अलग लोग
- ऐसी महिलाएँ जो उत्तरी, ग्रामीण और दूरस्थ समुदायों में रहती हैं
- विकलांग महिलाएँ

लिंग-आधारित हिंसा मुझ पर क्या प्रभाव डालती है?

चाहे आपने इसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया हो या न किया हो, शायद GBV का आपके जीवन पर स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ा होगा। GBV के कारण लोगों के जीवन जीने संबंधी गुणवत्ता में कमी आ सकती है, आपस में एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के तरीके में बदलाव आ सकता है, पढ़ना और स्कूल जाना मुश्किल हो सकता है, बीमारियों से संबंधित खतरे बढ़ सकते हैं और परिवारों, स्कूलों तथा समुदायों के बीच हिंसा और दुर्व्यवहार का चक्र बना रह सकता है। लिंग-आधारित हिंसा सभी को पीछे की ओर धकेलती है।

मैं सहायता पाने के लिए क्या कर सकता हूँ?

अगर आप या आपका कोई परिचित लिंग-आधारित हिंसा का सामना कर रहे हैं, तो किसी ऐसे वयस्क से बात करें जो आपको सुरक्षित महसूस करवाए। क्योंकि लिंग-आधारित हिंसा "सिर्फ एक बार की घटना" या "महज कुछ शब्द" नहीं है। ये कभी भी "महज" कोई घटना नहीं है - यह हिंसा है।

लिंग-आधारित हिंसा को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

कृपया ध्यान दें कि वेबसाइट केवल अंग्रेज़ी और फ्रेंच भाषा में ही उपलब्ध है।

CANADA.CA/ITSNOTJUST **CANADA.CA/CENESTPASJUSTE**

Government of Canada Gouvernement du Canada

Canada